BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY|CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

MID TERM EXAMINATION- 2024-25

HINDI (085)

Class: IV — Duration: **1.30 Hrs**
Date: 25.09.2024 — Max. Marks: **40**
Admission No.: — Roll No.:

सामान्य निर्देश :

प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- **[5]**

संसार भर में सबसे ऊँचा पर्वत हिमालय है | इसका सबसे ऊँचा शिखर माउंट एवरेस्ट के नाम से प्रसिद्ध है | इसका प्राचीन नाम गौरीशंकर है | कहा जाता है कि भगवान शिव और माता पार्वती यहाँ निवास करते थे | इसका नाम माउंट एवरेस्ट कर्नल एवरेस्ट के नाम पर पड़ा ,क्योंकि उन्होंने सर्वप्रथम यहाँ पहुँचने का प्रयास किया | इसकी ऊँचाई 8,848 मीटर से भी ज्यादा है | हिमालय महादेव का निवास स्थान है |

(i) हिमालय के सबसे ऊँचे शिखर का नाम है –

(क) ल्यहोत्से (ख) शंकर शिखर (ग) माउंट एवरेस्ट

(ii) माउंट एवरेस्ट का प्राचीन नाम था –

(क) गौरी शंकर (ख) जयशंकर (ग) विष्णुशंकर

(iii) संसार का सबसे ऊँचा पर्वत है –

(क) सतपुड़ा (ख) हिमालय (ग) मैनाक पर्वत

(iv) माउंट एवरेस्ट में सर्वप्रथम पहुँचने का प्रयास किया था –

(क) कर्नल एवरेस्ट (ख) कर्नल विक्रम (ग) कर्नल दत्ता

(v) हिमालय निवास स्थान है –

(क) राम का (ख) कृष्ण का (ग) महादेव का

प्रश्न.2 सही उत्तर चुनकर लिखिए - **[10]**

(i) आकाश का पर्यायवाची शब्द है-

(क) नभ ख) सूरज (ग) चाँद

(ii) छोटी का विलोम शब्द है -

(क) गर्मी (ख) बड़ी (ग) सरल

(iii) मोर का लिंग बदलिए –

(क) तोता (ख) मोरनी (ग) शेरनी

(iv) जो पढ़ा लिखा न हो | कथन के लिए एक शब्द लिखिए –

(क) होशियार (ख) अनपढ़ (ग) चतुर

(v) संज्ञा शब्द है –

(क) आगरा (ख) तुम (ग) क्योंकि

(vi) चना का बहुवचन रूप है -

(क) शक्कर (ख) चने (ग) चनेवाला

(vii) प्+आ+न्+ई का वर्ण संयोजन है -

(क) पानी (ख) पानि (ग) प्राणी

(viii) सही सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

---------आराम का जीवन जीने लगा |

(क) वह (ख) उसके (ग) जिसके

(ix) सही क्रिया शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

चिड़िया ने दाना ------------- |

(क) पिया (ख) खाया (ग) मिठाई

(x) लालची बंदर में विशेषण है -

(क) लालची (ख) बंदर (ग) में

प्रश्न.3 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- [5]

एक कौआ था। वह हमेशा खुश रहता था। एक बार वह एक तालाब के किनारे पानी पीने के लिए आया। वहाँ उसने तालाब में तैरते हुए पक्षी हंस को देखा। उसने सोचा, "हंस कितना उजला है! यह तो पानी में अपने उजले-उजले पंखों को फैलाकर तैर भी सकता है। शायद इसलिए यही दुनिया का सबसे खुश पक्षी होगा।"

कौआ हंस के पास गया और बोला, "तुम दुनिया के सबसे खुश पक्षी हो।" यह सुनकर हंस को अच्छा तो लगा लेकिन वह बोला, "कौए भाई! मैं भी यही सोचा करता था कि मैं दुनिया का सबसे खुश पक्षी हूँ जब तक कि मैंने तोते को नहीं देखा था। तोते को देखने के बाद मुझे लगता है कि वह दुनिया का सबसे खुश पक्षी है।"

(i) हमेशा कौन खुश रहता था?

(ii) वह तालाब के किनारे क्यों गया?

(iii) किसे देखकर वह उदास हो गया और क्यों?

(iv) हंस ने उसे क्या बताया?

प्रश्न 4 नीचे दिए गए लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [4]

(i) बंदर को घड़ा कहाँ दिखाई दिया?

(ii) मच्छर के काटने से कौन- कौन से रोग होते हैं?

प्रश्न 5 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [6]

(i) नौटंकी में पहलवान क्या -क्या बनकर आए?

(ii)प्रताप को क्या सोचकर पछतावा हो रहा था ?

(iii) पार्क में लगे बैनर पर क्या लिखा था?

प्रश्न 6 अध्यापक और छात्र के बीच संवाद लिखिए| [5]

अथवा

पेड़ों से होने वाले फायदों पर पचास शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

प्रश्न.7 नीचे दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए | [5]

---समाप्त---